CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:41 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:47 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 65 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 26 अगस्त 2025



परिवार में बेटियों की आवाज न...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### ट्रंप के अतिरिक्त 25% टैरिफ की समय-सीमा करीब आते ही लुढ़का बाजार

**मुंबई।** अमेरिकी की ओर से टैरिफ की धमकियों के बीच शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 530.42 अंक गिरकर 81,105.49 पर, जबकि निफ्टी 128.90 अंक गिरकर 24,838.85 पर आ गया। ऐसे ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे गिरकर 87.74 पर पहुंचा। भारतीय निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ के बढ़ते दबाव से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इस वजह से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 600 अंक से ज्यादा गिर गया, जबकि निफ्टी 24,900 के स्तर से नीचे फिसल गया। यह वैश्विक जोखिम-रहित संकेतों की ओर इशारा करता है। यह गिरावट अमेरिका की ओर से बुधवार से भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की योजना का मसौदा नोटिस जारी करने के बाद आई है। इससे टैरिफ का बोझ दोगुना होकर 50 प्रतिशत हो जाएगा। ट्रंप का यह बेतुका कदम यूक्रेन युद्ध के बीच भारत की ओर से रूसी तेल की निरंतर खरीद के बाद उठाया गया है। फिलहाल भारत पर अमेरिका ने 25 फीसदी टैरिफ लगा रखा है।


### आप नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर छापा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है। अस्पताल निर्माण घोटाला मामले में ईडी ने कार्रवाई की है। वहीं ईडी की कार्रवाई के बीच आम आदमी पार्टी का बयान सामने आया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है। यह कार्रवाई अस्पताल निर्माण में हुए घोटाले को लेकर की गई है। ईडी अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम ने अस्पताल निर्माण में अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज के आवास पर छापेमारी की है।

# 31 इंस्पेक्टर-दरोगाओं का तबादला, विमल मिश्रा फिर बने काठगोदाम थानाध्यक्ष

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

ज़िले में पुलिस विभाग में व्यापक स्तर पर तबादली किए गए हैं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद मीणा दोबारा जारी स्थानांतरण आदेश में 31 निरीक्षकों और उप निरीक्षकों को ताश के पत्तों की तरह फेटते हुए सभी को नई जिम्मेदारी सौपी है यह तबादले तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। तबादलों की सूची में अहम नामो में पुलिस लाइन से स्थानांतरित करनिरीक्षक सुशील कुमार को प्रभारी निरीक्षक थाना बनभूलपुरा बनाया गया है तबकि निरीक्षक उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक




भवाली से प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ, निरीक्षक प्रकाश मेहरा प्रभारी चौकी खैरना से प्रभारी निरीक्षक भवाली, निरीक्षक विजय मेहता थानाध्यक्ष कालाढूंगी से प्रभारी निरीक्षक कालाढूंगी, निरीक्षक विपिन चंद्र पांडे प्रभारी सीसीटीएनएस सम्मन सेल से प्रभारी एफएफयू/ एसआईएस, निरीक्षक रजत कसाना सीसीटीएनएस संबंध सेल से प्रभारी सीसीटीएनएस/ सम्मन सेल, निरीक्षक हरपाल सिंह प्रभारी साइबर सेल डीसीआरबी से प्रभारी एसओजी/एएनटीएफ/साइबर सेल, निरीक्षक ललिता पांडे प्रभारी एएचटीयू से प्रभारी एएचयू/प्रभारी डीसीआरबी, उप निरीक्षक मनोज नयाल वरिष्ठ उप निरीक्षक रामनगर से थानाध्यक्ष तल्लीताल, उप निरीक्षक विजय नेगी पुलिस लाइन से थानाध्यक्ष बेतालघाट, उप निरीक्षक पंकज जोशी थानाध्यक्ष काठगोदाम से व0उ0नि0 कालाढूंगी, उप निरीक्षक विमल मिश्रा थानाध्यक्ष भीमताल से थानाध्यक्ष काठगोदाम, उप निरीक्षक संजीत राठौड़ प्रभारी एसओजी से थानाध्यक्ष भीमताल, उप निरीक्षक विजय कुमार प्रभारी चौकी धानाचुली, थाना मुक्तेश्वर से प्रभारी चौकी राजपुर, थाना हल्द्वानी, उप निरीक्षक हरजीत सिंह थाना मुखानी से प्रभारी चौकी धारी, थाना मुक्तेश्वर, उप निरीक्षक मनोज सिंह प्रभारी चौकी लामाचौड़, थाना मुखानी से प्रभारी चौकी क्वारब, थाना भवाली, उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार सम्बद्ध थाना मुखानी से प्रभारी चौकी लामाचौड़, थाना मुखानी, उप निरीक्षक हर्ष बहादुर पाल प्रभारी चौकी कैंची, थाना भवाली से प्रभारी चौकी खैरना, थाना भवाली, उप निरीक्षक रमेश चंद्र पंत प्रभारी चौकी ओखलकांडा, थाना खन्स्यू से प्रभारी चौकी कैंची, थाना भवाली, उप निरीक्षक मोहन सिंह सोन प्रभारी एएनटीएफ से प्रभारी चौकी ओखलकांडा, थाना खन्स्यू, उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह राणा थाना तल्लीताल से प्रभारी चौकी कोटाबाग, थाना कालाढूंगी, उप निरीक्षक नीरज कुमार थाना बनभूलपुरा से प्रभारी चौकी देखरेख, थाना बनभूलपुरा, उप निरीक्षक सुनील गोस्वामी सम्बद्ध थाना चोरगलिया से प्रभारी चौकी कुंवरपुर, थाना चोरगलिया, उप निरीक्षक सुशील जोशी थाना बनभूलपुरा से व0उ0नि0, थाना बनभूलपुरा,..... ...शेष पेज 3 पर

कांग्रेस नेताओं ने बयान पर पलटवार किया

# विपक्ष के उम्मीदवार रेड्डी को लेकर शाह के आरोपों पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली**
एजेंसी

कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने विपक्षी गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी पर निशाना साधा था। बता दें कि, उपराष्ट्रपति पद के लिए होने वालों चुनाव से पहले अमित शाह ने सुदर्शन रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस रेड्डी ने नक्सलवाद की मदद की है। यदि उन्होंने सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं सुनाया होता तो देश में चरमपंथी वामपंथी आंदोलन 2020 से पहले ही समाप्त हो गया होता।

अमित शाह के बयान पर पलटवार करते हुए छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, उन्हें एक बार आदेश को पढ़ना चाहिए। सुदर्शन रेड्डी के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार घोषित होने के बाद भाजपा बौखलाई हुई है। सलवा जुडूम के मामले में स्पष्ट है कि सलवा जुडूम एक जन आंदोलन था और भाजपा सरकार ने वहां के युवाओं को बिना प्रशिक्षण के एके-47 जैसे हथियार थमा दिए थे। न्यायालय ने इसे अनुचित माना है...बता दें कि, अमित शाह ने विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी पर गंभीर आरोप लगाया था। अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि, बी सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी से केरल में कांग्रेस की उम्मीदवारी से बची-खुची उम्मीद भी खत्म हो गई है। अमित शाह ने कहा था कि, सुदर्शन रेड्डी वहीं सज्जन है जिन्होंने नक्सलवाद की मदद के लिए सलवा जुडुम का निर्णय दिया था। अगर यह निर्णय नहीं होता तो नक्सलवाद 2020 तक खत्म हो जाता है। शाह ने कहा कि बी सुदर्शन रेड्डी ने ऐसा विचारधारा से प्रेरित होकर किया था।



### लखनऊ पहुंचे इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन


उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी मंगलवार सुबह लखनऊ पहुंच गए हैं। यहां लखनऊ एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत हुआ। उन्हें रिसीव करने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। रेड्डी लखनऊ में सपा और कांग्रेस के सांसदों के बीच अपनी बात रखेंगे। सपा मुख्यालय पर होने वाले इस कार्यक्रम में सपा और कांग्रेस के सभी सांसद आमंत्रित किए गए हैं। इसके बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और बी सुदर्शन रेड्डी संयुक्त प्रेसवार्ता भी करेंगे।

# कैंची धाम को प्रसादम योजना में शामिल करने की तैयारी में भारतीय डाक विभाग

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

बाबा नीम करौली महाराज के कैंची धाम के प्रति लोगों की आस्था दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। देश ही नहीं विदेशों तक फैले लाखों श्रद्धालु हर वर्ष यहां पहुंचकर आशीर्वाद व प्रसाद ग्रहण करते हैं लेकिन अनेक भक्त दूरी, स्वास्थ्य या अन्य कारणों से धाम तक नहीं आ पाते, अब ऐसे भक्तों के लिए बड़ी राहत भरी खबर है। भारतीय डाक विभाग ने कैंची धाम को अपनी प्रसादम योजना में शामिल करने की तैयारी शुरू कर दी है।

बता दें कि इस योजना के तहत कैंची धाम का पवित्र प्रसाद (लड्डू) देशभर में भक्तों के घर-घर तक भेजा जाएगा। डाक विभाग इसके लिए अपनी स्पीड पोस्ट व पार्सल सेवा का उपयोग करेगा। धाम प्रबंधन के पास ही प्रसाद की पैकिंग के लिए पर्यटन विभाग से एक कक्ष की मांग की गई है। यहां प्रसाद को स्वच्छता व सुरक्षा मानकों के अनुरूप पैक कर पोस्टल नेटवर्क के जरिए भक्तों तक पहुंचाया जाएगा। योजना के अंतर्गत केवल प्रसाद ही नहीं बल्कि बाबा नीम करौली महाराज से जुड़ी अन्य वस्तुएं जैसे कंबल व लॉकेट भी श्रद्धालुओं को मुहैया कराई जाएंगी। माना जाता



है कि बाबा को कंबल विशेष रूप से प्रिय थे। गौरतलब है कि कैंची धाम में प्रतिदिन हजारों की संखया में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं जबकि हर वर्ष 15 जून को स्थापना दिवस पर यहां लाखों की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में यह पहल उन लाखों श्रद्धालुओं के लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं होगी जो व्यक्तिगत रूप से धाम नहीं पहुंच पाते लेकिन घर पर बैठकर भी बाबा का प्रसाद प्राप्त करना चाहते हैं। धाम प्रबंधन व डाक विभाग दोनों का मानना है कि यह योजना न केवल आस्था को नए आयाम देगी बल्कि नैनीताल जिले के पर्यटन व धार्मिक महत्व को भी और मजबूती प्रदान करेगी।

# उत्तरकाशी आपदा: गहराने लगा रसद व रसोई गैस का संकट

**उत्तरकाशी**
हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी जिले में पांच अगस्त को आई आपदा सब कुछ तहस-नहस कर गई। अब प्रभावित गांवों में रसद व रसोई गैस का संकट गहराने लगा है। लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

धराली आपदा के बाद सीमांत क्षेत्र के आठ गांवों में ग्रामीणों की मुश्किलें अभी कम नहीं हुई है। गंगोत्री हाईवे बड़े वाहनों के लिए नहीं खुलने से आपदाग्रस्त क्षेत्र के लोगों की दिक्कतें बढ़ती जा रही है। इससे गांवों में रसोई गैस सहित रसद सामग्री का संकट गहराने लगा है। धराली के खीर गंगा और तेलगाड में आई प्रलयकारी बाढ़ के 20 दिन बाद सीमांत क्षेत्र में सुक्की, धराली, मुखबा, हर्षिल, जसपुर, पुराली, झाला और बगोरी गांव के ग्रामीणों की दिक्कतें कम नहीं हुई है। खीर गंगा और तेलगाड के जल प्रवाह अभी लोगों को डरा रहा है। बीते रविवार रात को तेलगाड के उफान ने हर्षिल के लोगों को डरा दिया। इसके बढ़ते जल प्रवाह से लोग सुरक्षित स्थानों पर चले गए। वहीं गंगोत्री हाईवे बड़े वाहनों के लिए नहीं खुलने के कारण सीमांत गांवों के लोगों के सामने रसद सामग्री का संकट भी गहराने लगा है। हालांकि जिला प्रशासन ने सीमांत गांवों में रसद वितरण तो करवाया, लेकिन इतना रसद बड़े परिवार के लिए लंबे समय तक चलाना आवश्यकता से कम है। हाईवे बंद होने से सीमांत क्षेत्र के आठ गांवों में रसोई गैस और रसद सामग्री का संकट गहरा रहा है।

# स्कॉर्पियो और अल्टो कार की जोरदार भिड़ंत, तीन की मौत

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा। पहाड़ से लेकर मैदानी जिलों तक हर दिन हो रहे सड़क हादसों से कोहराम मचा है। सोमवार की देर रात को रामपुर रोड के समीप बेल बाबा मंदिर के पास स्कॉर्पियो और अल्टो कार की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई. हादसे में एक परिवार के तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों का सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना के बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं घटना के बाद स्कॉर्पियो सवार मौके से फरार हो गए. इधर मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बनभूलपुरा लाइन 17/-18 निवासी हाफिज साजिद (26) पुत्र अब्दुल



गनी की मां अख्तरी बेगम कैंसर से पीड़ित हैं, जिनका वर्तमान में बिलासपुर में एक हकीम के वहां भर्ती है, जहां उनका सप्ताह भर से इलाज चल रहा है। सोमवार की करीब रात 9 बजे हाफिज मो,साजिद, शाहजहां (46) पत्नी अख्तर हुसैन, अफसरी (73) पत्नी मुन्ना, 22 वर्षीय मुस्कान पुत्री अख्तर अली और 36 वर्षीय जाहिद पुत्र अब्दुल गनी अपनी आल्टो कार से अख्तरी की तिमारदारी के लिए बिलासपुर गए थे। करीब 1 बजे रात को वापस आते समय रास्ते में बेलबाबा मंदिर के पास हल्द्वानी से तेज रफ्तार से आरही स्कॉर्पियों ने साजिद की कार में जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कार के पड़खच्चे उड़ गए। इस हादसे में हाफिज साजिद, शाहजहां और अफसरी की मौके पर ही दुखद मौत हो गई। जबकि मुस्कान और जाहिद गंभीर रूप से घायल हो गए। आस के लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद कार को मशीन से काट कर शवों और घायलों को निकाला। आनन-फानन में घायलों को डा0 सुशीला तिवारी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंचे।

जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. हादसे में दोनों गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है. पुलिस क्षेत्राधिकारी नितिन लोहनी का कहना है कि सूचना के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने किसी तरह से घायलों को बाहर निकाल कर अस्पताल भेजा. फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है. वहीं घटना के बाद स्कॉर्पियो सवार मौके से फरार हो गए थे, लेकिन सूत्रों के अनुसार पुलिस को स्कॉर्पियों को कब्जे में ले ली है।

# अभिमत



## क्षमता से बाहर

*भारत के संविधान में नागरिकों के अधिकार और दायित्व का विस्तृत उल्लेख है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं आज की सबसे बड़ी जरूरत है, लेकिन ये आम आदमी की पहुंच और आर्थिक क्षमता से बाहर होती जा रही हैं। इन सेवाओं को सुलभ, सस्ता और सरल बनाना ही समय की मांग है। यह बात यदि विपक्ष का नेता कहता तो सरकार बेबुनियाद आरोप कहकर टाल सकती थी। आरएसएस प्रमुख ने स्वास्थ्य व शिक्षा नीति पर सवाल उठाया है, तो मामला गंभीर है।*

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में जनकल्याण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भारत के संविधान में नागरिकों के अधिकार और दायित्व का विस्तृत उल्लेख है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं आज की सबसे बड़ी जरूरत है, लेकिन ये आम आदमी की पहुंच और आर्थिक क्षमता से बाहर होती जा रही हैं। इन सेवाओं को सुलभ, सस्ता और सरल बनाना ही समय की मांग है। यह बात यदि विपक्ष का नेता कहता तो सरकार बेबुनियाद आरोप कहकर टाल सकती थी। आरएसएस प्रमुख ने स्वास्थ्य व शिक्षा नीति पर सवाल उठाया है, तो मामला गंभीर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए दो बड़े काम किये हैं। आयुष्मान भारत नाम से दुनिया की सबसे बड़ी मेडिकल बीमा योजना शुरु की है। पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज का प्रावधान है। मल्टीनेशन फार्मा कंपनियों द्वारा लगातार दवाएं महंगी की जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सस्ती जेनरिक दवाओं का उत्पादन करके प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र देशभर में खोलकर बेचने का काम शुरु कराया। स्वास्थ्य सेवा के इन दोनों कामों का लाभ आम आदमी को पूरी तरह नहीं मिल रहा है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत पंजीकृत निजी चिकित्सालयों ने घोटाले किये। सरकारी अस्पतालों में पहले से ही मरीजों की भीड़ के कारण उपचार की उचित व्यवस्था नहीं है। निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य बीमा वाले मरीजों के साथ धोखाधड़ी की जाती है। बिना बीमा वाले मरीजों को लूटने जैसा काम किया जाता है। निजी अस्पतालों का इलाज आम आदमी की पहुंच से बाहर है। निजी अस्पतालों पर शासन और प्रशासन का नियंत्रण नहीं है। शिक्षा सुविधा की हालत भी अच्छी नहीं है। सरकारी स्कूलों में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं। शिक्षकों की भूमिका वेतनभोगी की औपचारिकता मात्र है। छात्रों के भविष्य के प्रति गंभीर नहीं हैं। निजी स्कूलों की फीस आम आदमी की आर्थिक क्षमता से बाहर है। उच्च शिक्षा संस्थानों में लाखों रुपये फीस है। निजी विश्वविद्यालयों की भरमार जैसी हो गई है। सरकार को निजी विश्वविद्यालयों को मान्यता देने से पहले फीस पर नियंत्रण की शर्त रखनी चाहिए। चिकित्सा, शिक्षा, सुरक्षा जैसी कई सुविधाएं लोकतांत्रिक शासन में नागरिकों के अधिकार में हैं। वर्तमान में यह तीनों आम आदमी को उपलब्ध नहीं हैं।

# डीएम वंदना अव्यवस्थाओं को लेकर पहुंची अस्पताल

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में लगातार मिल रही अव्यवस्थाओं की शिकायत के बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह सोमवार को हरकत में आई। उन्होंने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी को अस्पताल में कई अव्यवस्था मिली जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ और पीएमएस को तत्काल अस्पताल आने वाले मरीजों के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम वंदना सिंह ने कहा कि इलाज के साथ संवाद का तरीका भी बेहतर होना चाहिए क्योंकि सही कमयुनिकेशन से मरीजों की आधी समस्याएं स्वत: दूर हो जाती हैं। डीएम ने कहा कि मरीजों को रैफर करने की प्रवृति कम करें और यथासंभव इलाज यहीं मुहैया कराएं।

जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्हें अस्पताल में सीटी स्कैन, एटीएम हेल्थ मशीन समेत कई उपकरण खराब हालत में मिले जिस पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने जल्द से जल्द उपकरण ठीक करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने खराब मशीनों और ढांचागत व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि जो भी मशीन खराब है उसकी मेंटेनेंस एएमसी के माध्यम से तत्काल कराई जाए साथ ही जिन नई मशीनों की जरूरत है उनकी डिमांड भेजी जाए। जिलाधिकारी ने पुरुष और महिला दोनों अस्पतालों का निरीक्षण करते हुए ओपीडी, सीनियर सिटीजन रूम, सीटी स्कैन तथा एक्स रे, अल्ट्रासाउंड, आईसीयू, हड्डी वार्ड, जिरियाट्रिक वार्ड, चिल्ड्रन वार्ड, बर्न वार्ड तथा जर्नल वार्ड, एनबीएसयू और लेबर रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में पानी टपकने की समस्या पर छत की चादर बदलने और महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन की कमी पर शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. द्रौपदी गर्बियाल, डॉ. अनिरुद्ध गंगोला तथा एसडीएम नवाजिश खलीक मौजूद रहे।



### कहा कि आप और हल्द्वानी के डाक्टरों में कोई फर्क नहीं

निरीक्षण के दौरान डीएम वंदना सिंह ने चिकित्सकों से कहा कि आप और हल्द्वानी के डाक्टरों में कोई फर्क नहीं है, फ र्क सिर्फ यही है कि आप मरीजों को रैफ र कर देते हैं और वहां उनका इलाज हो जाता है जबकि पढ़ाई आप सभी ने बराबर की है।

### कई पदों की आवश्यकता है

निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल के पीएमएस डा.तरुण कुमार टम्टा ने डीएम वंदना सिंह को बताया कि अस्पताल में पीडियाट्रिशन, ऑर्थो सर्जन और ईएमओ समेत कई पदों की आवश्यकता है जिसके चलते काम करने में दिक्कत होती है।

बताया कि ओटी टेकनीशियन का पद खाली है, कुछ एकसरे मशीनें और स्कैनर खराब हैं जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाएं ताकि समस्या का समाधान हो सके।

## पेज एक का शेष

### 31 इंस्पेक्टर-दरोगाओं...

उप निरीक्षक फिरोज आलम साइबर सेल से एसओजी, उप निरीक्षक भुवन सिंह राणा सम्बद्ध थाना हल्द्वानी से थाना हल्द्वानी, उप निरीक्षक रविंद्र सिंह राणा सम्बद्ध थाना काठगोदाम से थाना काठगोदाम, उप निरीक्षक राजवीर सिंह नेगी सम्बद्ध थाना भवाली से थाना भवाली, उप निरीक्षक प्रवीण कुमार सम्बद्ध थाना मल्लीताल से थाना मल्लीताल, उप निरीक्षक निधि शर्मा थाना कालाढूंगी से थाना चोरगलिया

उप निरीक्षक कुमकुम धानिक पुलिस लाइन से थाना काठगोदाम, इन तबादलों का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाना है एस एसपी ने कहा कि फेर बदल प्रशासनिक दृष्टिकोण से जरूरी था ताकि कार्य क्षमता और जवाब देही में सुधार हो। विमल कुमार मिश्रा को तीसरी बार काठगोदाम थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तबकी भवाली थाना प्रभारी उमेश मलिक को दूसरी बार शिकायत प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किया गया है और यह तैनाती चर्चा का विषय बनी हुई है।

# 23वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिकस चैपियनशिप चेन्नई में भाग लेंगे प्रोफेसर डॉ. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के पूर्व खेल अधिकारी एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नागेन्द्र प्रसाद शर्मा ने खेल शिक्षा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी के तहत अब उनका चयन 23वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिकस चैपियनशिप जोकि चेन्नई में आगामी 5 से 9 नवम्बर 2025 को होगी, इस चैपियनशिप में डा.शर्मा भारतीय दल में शामिल होंगे। वास्तव में देखा जाए तो यह कामयाबी न केवल कुमाऊँ विश्वविद्यालय बल्कि पूरे उत्तराखण्ड और भारत के लिए गौरव का विषय है।

बता दें कि डा.शर्मा के मार्गदर्शन में कुमाऊं विश्वविद्यालय स्तर पर वुडबॉल, ड्रॉप रोबॉल, मिनी गोल्फ , सेपक टाकरा, पंनचक, सिलाट और क्रॉकिडो जैसे नवीन खेलों की शुरुआत हुई जिनमें खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व



अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदक जीतकर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। सत्र 2024-25 डॉ शर्मा की उपलबधियों से स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। इस अवधि में कुमाऊं विश्वविद्यालय ने उनके नेतृत्व में178 पदक (42स्वर्ण,62 रजत और 74 कांस्य) अर्जित किए। इनमें वुडबॉल में 6 स्वर्ण, मिनी गोल्फ में 18 पदक तथा ड्रॉप रोबॉल, पंचक सिलाट और क्रांकिडो से भी शानदार सफलता शामिल रही। महिला क्रिकेट टीम ने नॉर्थ ज़ोन में चौथा स्थान पाकर अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

एक खिलाड़ी के रूप में भी डॉ. शर्मा देश का गौरव हैं। उन्होंने अंतराष्ट्रीय स्तर पर गेटबॉल में भारत का प्रतिनिधित्व किया एवं थाईलैंड में मास्टर्स प्रतियोगिता में भाग लिया। वे राष्ट्रीय स्तर के सेपक तकरा खिलाड़ी और वेटरन्स टेनिस वॉलीबॉल स्वर्ण पदक विजेता भी रहे हैं।

खेल लेखन में भी उनका विशिष्ट योगदान है। उनकी पुस्तकें खेल समाजशास्त्र, शारीरिक शिक्षा का इतिहास, बास्केटबॉल, ड्रॉप रोबॉल नियमावलीष और एनाटॉमी एंड फि जियोलॉजी विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो रही हैं। डॉ. शर्मा ने कई प्रमुख संगठनात्मक भूमिकाएँ निभाई। उत्तराखण्ड जिमनास्टिक एसोसिएशन के अध्यक्ष, ड्रॉप रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य के रूप में उन्होंने खेलों को नई दिशा दी।

## फिल्मी दुनिया

# श्वेता त्रिपाठी की अपील परिवार में बेटियों की आवाज न दबाई जाए





*आज 26 अगस्त को महिला समानता दिवस मनाया जा रहा है। मिर्जापुर की गोलू यानी श्वेता त्रिपाठी ने इस विषय में अपने विचार साझा किए हैं। 26 अगस्त को महिला समानता दिवस मनाया जाता है। इस दिन का मकसद सिर्फ महिलाओं के अधिकारों की बात करना नहीं, बल्कि यह समझना भी है कि बदलाव कहां से शुरू होता है। इसी मौके पर अमर उजाला ने बात की अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी से, जिन्होंने अपनी बेबाक राय रखी। श्वेता कहती हैं, आज भी हमें ऐसी खबरें मिलती हैं कि कोई 28 साल की लड़की को उसके पति ने जिंदा जला दिया। ये बहुत दुखद है। इसलिए बराबरी की बात सिर्फ बड़ी-बड़ी नीतियों से नहीं, घर से शुरू होनी चाहिए। अगर परिवार ही बेटियों के सपनों और आवाज को दबा देगा तो फिर बाहर की संस्थाएं या सरकारें कुछ नहीं कर पाएंगी। वह अपने बचपन को याद करते हुए कहती हैं, मैं खुशनसीब रही कि मेरे घर में हमेशा शिक्षा और सोच को अहमियत मिली। पापा आईएएस ऑफिसर रहे, मम्मी टीचर और दीदी हेडमिस्ट्रेस। ऐसे माहौल ने मुझे सिखाया कि सही चीज के लिए खड़ा होना जरूरी है, चाहे मुश्किल ही क्यों न हो। श्वेता मानती हैं कि बराबरी की लड़ाई रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा होनी चाहिए। लोग सोचते हैं कि इक्वलिटी पर बात करना भारी-भरकम मुद्दा है। लेकिन असल में इसे रोज की बातचीत का हिस्सा बनाना होगा। जब तक ये नॉर्मल नहीं बनेगा, तब तक बदलाव नहीं आएगा। सवाल पूछना बंद नहीं करना चाहिए।*

### सिनेमा समाज का आईना है

*सिनेमा और समाज के रिश्ते पर श्वेता कहती हैं, ऑडियंस जो देखना चाहती है, वही बनेगा। इसलिए कहानियों पर फोकस करना होगा। चाहे हीरो हो या हीरोइन - कहानी अच्छी होगी तो लोग देखेंगे। मुझे अलग-अलग तरह की लड़कियों का किरदार निभाना पसंद है, जो हमें सोचने पर मजबूर करें, जो स्टीरियोटाइप तोड़ें। यही सिनेमा की ताकत है। बॉलीवुड में महिलाओं के प्रोड्यूसर बनने को लेकर श्वेता कहती हैं, औरतों का पर्दे के पीछे आना बहुत जरूरी है। चाहे एक्ट्रेस हों या डेब्यू प्रोड्यूसर, हमें हर फील्ड में कोशिश करनी चाहिए।*

# किसान पर अवैध खनन मामले में लगाए जुर्माने के मामले में कोर्ट ने मांगा जवाब

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**सुनवाई**

● **1 करोड़ 91 लाख के जुर्माने को माफ करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई**

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने जिला खनन अधिकारी ऊधमसिंह नगर के द्वारा काशीपुर के एक किसान के ऊपर अवैध खनन करने के एवज में उनके ऊपर लगाए गए 1 करोड़ 91 लाख के जुर्माने को माफ करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने जुर्माने की रकम वसूलने के आदेश पर रोक लगाते हुए सरकार से तीन सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने को कहा है।

बता दें कि सोमवार को हुई सुनवाई पर सचिव खनन व न्याय सचिव कोर्ट में विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश हुए । मामले के अनुसार काशीपुर के ग्राम दभोडा के किसान दूनी चंद ने उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर कहा है कि उनकी भूमि कोसी नदी के किनारे स्थित है। खनन विभाग ने बिना उनका पक्ष सुने ही उनको अवैध खनन का नोटिस दे दिया साथ मे अवैध खनन करने को लेकर उनके ऊपर पेनल्टी 1 करोड़ 91 लाख लगा दी जबकि उनके द्वारा कोई खनन कार्य किया ही नहीं गया। जब इसकी शिकायत उनके द्वारा कमिश्नर कुमायूं व सरकार से की गई तो उनकी शिकायत निरस्त कर दी गयी। इससे क्षुब्ध होकर उनके द्वारा उच्च न्यायलय में याचिका दायर की। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान जब अधिकारी खनन की परिभाषा तक नहीं बता पाए। उसपर खण्डपीठ ने सोमवार को सचिव खनन व न्याय सचिव को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तलब किया था।

# दो दिवसीय 12वीं इंटर-स्कूल शतरंज प्रतियोगिता संपन्न, क्वीन्स स्कूल रहा चैंपियन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



पर्वतीय सांस्कृतिक समिति नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 12वीं इंटर-स्कूल शतरंज प्रतियोगिता संपन्न हो गयी। प्रतियोगिता में नैनीताल, हल्द्वानी, अल्मोड़ा और काशीपुर के अनेक नामी विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। रोमांचक मुकाबलों में क्वीन्स स्कूल हल्द्वानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम चैंपियनशिप अपने नाम की जबकि बिरला विद्या मंदिर नैनीताल द्वितीय और शेरवुड कॉलेज नैनीताल तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंडर 9 ओपन वर्ग में आनंद एकेडमी हल्द्वानी के लव्यांश मेहरा (5 अंक) प्रथम, सेंट जोसेफ नैनीताल के अचिन्त्य उपाध्याय (4 अंक) द्वितीय, बिरला विद्या मंदिर नैनीताल के मानविक माहेश्वरी (3 अंक) तृतीय रहे जबकि शेरवुड के समन्यु सिंह चौथे और दिक्षांत इंटरनेशनल हल्द्वानी के प्रखर पंत पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में होली विजड्म लोहाघाट की अन्वेष्का वर्मा 3.5 अंक) प्रथम और दिक्षांत इंटरनेशनल हल्द्वानी की मानसवी बिष्ट द्वितीय स्थान पर रहीं। अंडर 11 वर्ग के तहत ओपन वर्ग में दिक्षांत इंटरनेशनल हल्द्वानी के सक्षम दर्शन (5 अंक) प्रथम, आनंदा एकेडमी की सौमया मेहरा द्वितीय, शारदा पबलिक स्कूल अल्मोड़ा के भौमिक सिंह तृतीय, सेंट थेरेसा काठगोदाम के शिखर चौथे और क्वीन्स हल्द्वानी के स्नेह कुमार पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में क्वीन्स हल्द्वानी की लिरिशा भंडारी (3 अंक) प्रथम, दिक्षांत इंटरनेशनल हल्द्वानी की नैषा सिंह द्वितीय और क्वीन्स की प्रेक्षा चंद्रा तृतीय स्थान पर रहीं। इस वर्ग में शेरवुड कॉलेज नैनीताल की मानसवी बिष्ट प्रॉमिसिंग प्लेयर रहीं। इसी तरह अंडर 13 वर्ग के तहत ओपन वर्ग में डीपीएस हल्द्वानी के दिव्यांश (5 अंक) प्रथम, क्वीन्स हल्द्वानी के सुविग्य जैन द्वितीय, केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी के ऋषभ पांडे तृतीय जबकि क्वीन्स हल्द्वानी के वेदांत द्विवेदी चौथे और बिरला विद्या मंदिर के हृदय धामा पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में विजन वैली काशीपुर की तान्या पांडे (3.5 अंक) प्रथम, क्वीन्स हल्द्वानी की आरुषि द्वितीय और सानवाल स्कूल नैनीताल की हामना सिद्दीकी तृतीय स्थान पर रहीं। शहीद सैनिक नैनीताल की तृषिका भारद्वाज प्रॉमिसिंग प्लेयर घोषित की गईं। अंडर15 वर्ग के तहत ओपन वर्ग में सिंथिया हल्द्वानी के गर्वित पंत (4.5 अंक) प्रथम, समर स्टडी हॉल काशीपुर के प्रखर सकसेना (4.5 अंक) द्वितीय, बिरला विद्या मंदिर नैनीताल तृतीय, सेंट जोसेफ नैनीताल के तेजस कंवल ( 3.5अंक) चौथे और आर्यमन बिरला के हिमांक नागदली (3.5 अंक) पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में बीरशेवा हल्द्वानी की प्रियंका पांडे (4अंक) प्रथम, क्वीन्स हल्द्वानी की दिव्यांशी पोखरिया द्वितीय और क्वीन्स की आराध्या सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। इस वर्ग में लेकस भीमताल की राशी अधिकारी प्रॉमिसिंग प्लेयर घोषित की गईं जबकि अंडर-18 वर्ग के तहत ओपन वर्ग में क्वीन्स हल्द्वानी के ध्रुवांश भट्ट (5 अंक) ने पहला स्थान प्राप्त किया। क्वीन्स हल्द्वानी के हर्षित पंत (4अंक) द्वितीय, बीरशेवा हल्द्वानी के मयंक सिंह (3.5 अंक) तृतीय तथा बिरला विद्या मंदिर नैनीताल के शाश्वत आनंद (3 अंक) चतुर्थ और शेरवुड कॉलेज नैनीताल के आदित्य बहानी (3 अंक) पाँचवें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में क्वीन्स हल्द्वानी की खुशी कनोजिया प्रथम और केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी की प्रियांशी बोरा द्वितीय स्थान पर रहीं।

समारोह के समापन अवसर पर मुखय अतिथि नैनीताल की पालिकाध्य डॉ. सरस्वती खेतवाल ने विजेताओं को ट्रॉफ ी और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर अनिल कुमार, अमित कुमार, धीरेंद्र बिष्ट, विजय बहुगुणा, संदीप बिष्ट, विश्वकेतु वैद्य, ललित लामाकोटी और संतोष कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। प्रतियोगिता के संचालन में नीरज साह, दिव्यांशु तिवारी, तोषित तिवारी और ईश्वर दत्त तिवारी ने आर्बिटर की भूमिका निभाई। निर्णायकों और अतिथियों ने विजेताओं की खेल भावना तथा धैर्य और रणनीतिक सोच की सराहना की। अंत में प्रतियोगिता के आयोजक सचिव ईश्वर दत्त तिवारी ने सभी का आभार जताया।

## News कॉर्नर

### नंदा देवी महोत्सव के टेंडर में अनियमिताओं का आरोप, ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल ।** भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की व मंडल कार्यालय मंत्री भारत सिंह मेहरा ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मां नंदा देवी महोत्सव से संबंधित टेंडर में हो रही अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि पालिका प्रशासन की ओर से हाल में ही एक टेंडर प्रक्रिया आयोजित की गयी थी जिसमें टेंडर की राशि 70 लाख से घटाकर 55 लाख कर दी गयी है। आरोप लगाया है कि यह फैसला बिना पालिका बोर्ड की बैठक की सहमति के ही ले लिया गया है जोकि किसी भी दशा में न्याय संगत नहीं है। उन्होंने मामले में न्यायोचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# जरूरतमंदों के लिए राहत का सहारा धामी सरकार हर पात्र परिवार का आधार

**रामनगर**

**हमारे संवाददाता**

सरकार का संकल्प हर ज़रूरतमंद तक पहुंचेगी मदद यही तस्वीर उस वक्त दिखाई दी जब विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्वीकृत 31 पात्र परिवारों को उपचार के लिए 3 लाख 48 हजार की आर्थिक सहायता राशि के चेक सौंपे।

इस अवसर पर लाभार्थियों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ झलक रही थी।कार्यक्रम में विधायक बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार विकास और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने दो टूक कहा कि कोई भी पात्र परिवार अब सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा हमारी सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। चेक पाकर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री व विधायक का आभार जताते हुए कहा कि इस सहयोग से उनके कठिन समय में बड़ी राहत मिली है। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष बलदेव रावत, भूपेंद्र खाती, घनश्याम शर्मा, प्रेम कुमार, जिला पंचायत सदस्य दीप चन्द्र, कमल किशोर, गौरव धोलाखंडी जगदीश खतवाल समेत कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजस्व उपनिरीक्षक राहुल आर्य व उनकी टीम ने किया।



# रामलीला मैदान में 27 से होगा गणेश महोत्सव का भव्य आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

वैश्य महासभा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला गणेश महोत्सव 27 अगस्त बुधवार से रामलीला मैदान में प्रारम्भ होगा।

यह जानकारी देते हुये महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल और महामंत्री तनुज गुप्ता ने बताया की महोत्सव 2 सितंबर तक चलेगा। प्रतिदिन प्रात: पूजन और सायं प्रवचन और सांस्कृतिक आयोजन होंगे। रात्रि महा आरती व प्रसाद वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया की वैश्य महासभा द्वारा वर्ष 2004 से उत्तराखंड में प्रथम गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया था और 22 साल से यह आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। गणेश महोत्सव के मुख्य आकर्षण दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता का आयोजन 30 अगस्त शनिवार को किया जायेगा। 31 अगस्त को रन फॉर गणेशा और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। गणेश महोत्सव का समापन 2 सितम्बर को विशाल भंडारे और शोभायात्रा के साथ होगा। वार्ता में राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, बद्री प्रसाद गुप्ता, नीरज प्रभात गर्ग, सुरेश केसरवानी आदि मौजूद रहें।



# इंटर्नशिप पूर्ण करने पर समारोह में विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत की पहल पर प्रारंभ किए गए कुलपति इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित 30 विद्यार्थियों ने तीन माह की अपनी इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। इस अवसर पर सोमवार को डीएसबी परिसर के हर्मिटेज भवन में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम में डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर प्रो. संतोष कुमार, प्रो. किरण बर्गली, प्रो. सवित्री कैडा जन्तवाल, डॉ. रीतेश साह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विभागों में शोध एवं प्रायोगिक कार्यों का अनुभव प्राप्त किया। छात्रों ने साझा रूप से बताया कि यह अवसर उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इससे उन्हें प्रयोगशाला एवं क्षेत्रीय कार्यों की गहन समझ विकसित करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप से उन्हें विविध क्षेत्रों में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। इस अनुभव ने उनमें शोध के प्रति गहरी रुचि जगाई और अनेक छात्र भविष्य में पीएचडी करने हेतु प्रेरित हुए हैं।

छात्रों ने सामूहिक रूप से कुलपति प्रो.रावत एवं मार्गदर्शक शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस अनुभव को महत्वपूर्ण बताया जिसने उनकी शैक्षणिक क्षमता को नई दिशा प्रदान की है। कार्यक्रम के अंत में यह भी अवगत कराया गया कि अगले चरण की इंटर्नशिप हेतु साक्षात्कार आगामी 28 अगस्त (वीरवार) को डीएसबी परिसर नैनीताल में आयोजित किए जाएंगे।



# भाई के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ तहरीर सौंपी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

एक व्यक्ति ने अपने भाई के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ काठगोदाम पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

सौंपी तहरीर में जम्मू स्टेशन रेलवे बाजार निवासी कौनने खान पुत्र अनीस अहमद ने कहा है कि उसका भाई सुहेल खान अपनी कार से काठगोदाम से हल्द्वानी की ओर आ रहा था तभी नरीमन चौराहे पर उसने अपनी कर रोक कर पानी की बोतल लेने के लिए कर से उतरा तभी शारिक नाम का युवक भाई की कर के आगे खड़ा हो गया और उसका फोटो खींचने लगा जब सुहेल ने इसका विरोध किया तो शारिका ने सोहेल को मां बहन की गाली देना शुरू कर दी आरोपी ने इतने में ही अपने दोस्त यासीन समीर अयान को भी बुला लिया खतरा देख सोहेल अपनी कर लेकर वहां से आगे बड़ा तभी चारों लोग स्कूटी से उसका पीछा करने लगे इच्छा करते-करते हुए चारों ने सुहेल को कुछ दूरी पर जाकर रोक लिया और उसके ऊपर लाठी डंडों व लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया जिससे सुहेल गंभीर रूप से घायल हो गया इस उपचार के लिए देश चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अंकिता आर्या से बदलकर अंकिता रावत रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे अंकिता रावत नाम से जाना पहचना जाये। **– अंकिता रावत पत्नी अक्षय रावत, देवला मल्ला कुंवरपुर, गौलापार, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

# वीरेन डंगवाल एवं गिर्दा स्मृति समारोह का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



युगमंच, जन संस्कृति मंच एवं नैनीताल समाचार द्वारा सीआरएसटी इंटर कालेज के सभागार में वीरेन डंगवाल एवं गिर्दा स्मृति समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में हिन्दी के अत्यन्त महत्वपूर्ण कवि वीरेन डंगवाल और उत्तराखण्ड हिमालय की अन्यतम प्रखर आवाज कवि, गीतकार व गायक सांस्कृतिक योद्धा गिरीश तिवारी गिर्दा की स्मृति में उनके सरोकारों पर व्याखयान के साथ विभिन्न कवियों द्वारा काव्यपाठ भी उल्लेखनीय कार्यक्रम था।

आयोजन में मुखय वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आशुतोष कुमार ने वीरेन और गिर्दा की उपस्थिति, विश्वदृष्टि तथा भूमिका और सरोकारों के सन्दर्भ में उनके सृजन कर्म को संपूर्णता में समेटते हुये समान रूप से उन्हें उममीद और विश्वास की महत्वपूर्ण हस्ती बताते हुये कहा कि दोनों ने जनता, समाज के संघर्षों को सचेतन बौद्धिक हस्तक्षेप के साथ आग, आवेग और आवाज दी। प्रोफेसर आशुतोष ने वीरेन की वीरेनियत और गिर्दा की जनधर्मिता में नैनीताल की विराट उपस्थिति की भी अर्थपूर्ण व्याखया की। उन्होंने कहा की वीरेन का सौंदर्य बोध भी सरोकारों के स्तर पर उन्नत दर्जे का है और वैचारिक कसौटी पर भी जिसमें समाज की धडक़न, उममीद और भरोसा अक्षुण्ण बना रहता है। अंत में प्रोफेसर आशुतोष ने नैनीताल में गिर्दा की विरासत के लिए एक स्मारक बनाये जाने की आवश्यकता को आवश्यक बताया। प्रोफेसर आशुतोष ने नैनीताल शहर और बाहर से समारोह में शामिल विभिन्न कवियों ने काव्य पाठ किया। कवियों में अनिल कार्की, दीपक तिरुआ, कुमार मंगलम, भास्कर उप्रेती, सिद्धेश्वर सिंह, डी0के0 शर्मा, डॉ0 मनोज आर्य, बल्ली सिंह चीमा, स्वाति मेलकानी, मोहन सिंह रावत, नीरज पांगती, आलोक साह, आशुतोष कुमार, डॉ0 शिव त्रिपाठी, हर्ष काफ र, डॉ0 भूपेन सिंह, डॉ0 संदीप तिवारी, त्रिभुवन फ र्त्याल, महेश बावड़ी, दिनेश उपाध्याय, प्रो0 भूपेश कुमार सिंह और मदन मोहन चमोली शामिल थे। काव्य पाठ का स्तर अपेक्षा के अनुरूप उत्तरदायित्वपूर्ण रहा। समारोह के संचालन का कार्यभार त्रिभुवन फ र्त्याल व नीरज पांगती ने किया। समारोह के केन्द्रक जनसंस्कृति मंच के राष्टीय अध्यक्ष जहूर आलम के अलावा इतिहासकार पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक समेत पद्मश्री अनूप साह आदि महत्वपूर्ण लोगों सहित शहर नैनीताल की बौद्धिक जनों की भारी उपस्थिति ने समारोह में विनोद पाण्डे, अदिती खुराना, गीता साह, जय जोशी, नवीन बेगाना, मनोज कुमार, हरीश राणा, गिरजा पाठक, दीपा पाठक, मनीषा और जस्सी राम आर्या को सार्थक और संवादपूर्ण बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मदन मोहन चमोली, राजीव लोचन साह व जहूर आलम की अहम भूमिका रही।